जुआ खेलते तीन गिरफ्तार 1300 रुपये बरामद

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में हरदत्त नगर गिरंट थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना राम समुझ पुत्र चिन्ताराम निवासी जोगिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, सज्जाद अली पुत्र मुजफ्फर अली निवासी बहोरवा थाना हरदत्त नगर गिरण्ट जनपद श्रावस्ती व फजल अली पुत्र अली अहमद निवासी गणेशपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फड़ से 520 तथा जामा तलाशी में 780 कुल 1300 रुपये तथा ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं।